बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-250
14/06/2022

बेगूसराय में गैस सिलेंडर फटने की दुर्घटना में 2 बच्चों की हुयी मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

- **प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश**

पटना, 14 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय जिले के चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र के कुंभी गांव में गैस सिलेंडर फटने की दुर्घटना में 2 बच्चों की हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश आपदा प्रबंधन विभाग को दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

****